(b) and (c). Only imported refined dible oils are issued by STC for direct uman consumption. Currently STC has stock of about 13,000 MT of refined oils ll over the country, which are off-specications. However, these refined oils will e reprocessed first before being offered orconsumption.

ब्राजील और दक्षिणी अमरीकी देशों से व्यापार

3090. **श्री अजीत जोगी :**

ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) ब्राजील और दक्षिणी अमरीकी देशों के साथ व्यापार बढ़ाने के लिए हाल ही में क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ख) क्या संबंधित राष्ट्रों द्वारा ऐसे क्षेत्रों का पता लगाया गया है, जिनमें व्यापार संवर्धन की व्यापक संभावनाएं हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पी० आर० दासमुंशी) : (क) और (ख) ब्राजील तथा अन्य दक्षिण अमरीकी देशों के साथ व्यापार संवर्धन के लिए पिछले कुछ वर्षों में किए गए उपायों में शामिल हैं--धारित बाजारों और क्षेत्र में अच्छी निर्यात संभावना वाले विशिष्ट उत्पादों का चयन, व्यापार प्रतिनिधि मण्डलों और क्रेता विक्रेता बैठकों का आयोजन, संयुक्त आयोगों/समितियों तथा संयुक्त व्यापार परिषदों की बैठकों में द्विपक्षीय विचार विमर्श, सामान्य व्यापार मेलों में सहभागिता, प्रति-व्यापार प्रणाली का प्रयोग और जहाजरानी तथा ऋण सुविधाओं में सुधार के प्रयास।

ब्राजील, अर्जेन्टाइना, मैक्सिको वेनेजुएला तथा क्यूबा इस क्षेत्र में धारित व्यापार चुने गए हैं। भारत ने निर्यात के लिए चने गए उत्पाद हैं--औषधियों और भेषजों के विनिर्माण के लिए अपरिष्कृत और मध्यवर्ती सामग्री, रसायन, मशीनरी (वस्त्र, चीनी, कागज तथा निर्माण उद्योगों के लिए); विद्युत शक्ति के उत्पादन, परेषण तथा वितरण के उपस्कर, कृषि उपस्कर, रेलवे उपस्कर, और पुर्जे, लौह अयस्क पैलेट, आटोमोटिव पुर्जे, डीजल इंजन, साइकिल के पुर्जे हाथ के औजार तथा टायर और ट्यूब।

राज्य व्यापार निगम द्वारा महिला उद्यमियों के लिए वस्त्रों और सिले-सिलाये वस्त्रों संबंधी कार्यशालाओं की व्यवस्था

3091. **श्री अजीत जोगी :**

ठाकुर जगतपाल सिंह :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या वस्त्र और सिले-सिलाये वस्त्र उद्योग लगाने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य व्यापार निगम द्वारा मध्य प्रदेश में किसी शिविर अथवा कार्यशाला की स्थापना की गई है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इस प्रकार की कार्यशालाएं मध्य प्रदेश में कब तक स्थापित किए जाने की संभावना है और ये कार्यशालाएं किन-किन स्थानों पर स्थापित की जाएंगी ?

वाणिज्य मंत्री (श्री दिनेश सिंह): (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) राज्य व्यापार निगम का मध्य प्रदेश में ऐसी कार्यशाला आयोजित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।